अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश (उत्तराखण्ड)
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES RISHIKESH (UTTARAKHAND)
(An autonomous organization under the Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India)
भर्ती अनुभाग **(Recruitment Section)**

#AIIMSR/REC/2026/040 20.03.2026

महत्वपूर्ण सूचना

विषय: फर्जी भर्ती विज्ञापन के संबंध में चेतावनी

यह सर्वसाधारण के संज्ञान में लाया जाता है कि एम्स ऋषिकेश के नाम पर समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी एवं भ्रामक भर्ती विज्ञापन प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें बिना किसी परीक्षा के सीधे साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों पर भर्ती का दावा किया गया है तथा वेतन एवं सेवा शर्तों का उल्लेख संस्थान के नाम से किया गया है।

इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि उक्त विज्ञापन पूर्णतः फर्जी, अनधिकृत एवं भ्रामक है तथा इसे एम्स ऋषिकेश द्वारा जारी नहीं किया गया है। संस्थान में समस्त भर्तियां केवल आधिकारिक अधिसूचनाओं के माध्यम से, जो कि संस्थान की वेबसाइट एवं अधिकृत सरकारी माध्यमों पर प्रकाशित की जाती हैं। किसी भी तृतीय पक्ष को इस प्रकार के विज्ञापन जारी करने अथवा किसी प्रकार का शुल्क लेने हेतु अधिकृत नहीं किया गया है।

अतः सभी अभ्यर्थियों एवं आम जनता को सलाह दी जाती है कि ऐसे भ्रामक विज्ञापनों पर विश्वास न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें तथा किसी भी प्रकार का भुगतान न करें।

इस प्रकरण को संस्थान द्वारा गंभीरता से लिया गया है एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है।

किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु निम्न ई-मेल पर संपर्क किया जा सकता है: job@aiimsrishikesh.edu.in.

एम्स ऋषिकेश ऐसे फर्जी विज्ञापनों के कारण होने वाली किसी भी हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

भर्ती प्रकोष्ठ
एम्स ऋषिकेश